# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## हरिद्वार–249404

संख्याः **273 /08/PCS(P)-25)/G-2/2025-26** दिनांकः 06 जनवरी, 2026

## विज्ञप्ति

## उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रिट याचिका सं0 455(एस0बी0)/2025 में मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 04.12.2025 के आलोक में मा0 आयोग द्वारा दिनांक 08.10.2025 को घोषित उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2025 का परीक्षा परिणाम निरस्त कर दिया गया है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 04.12.2025 के अनुपालन में सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र से एक प्रश्न (Set ‘A’ Question No. 70, Set ‘B’ Question No. 42, Set ‘C’ Question No. 05, Set ‘D’ Question No. 130) विलोपित किया गया है, जिसके फलस्वरुप संशोधित प्रवीणता सूची निर्मित की गयी है। विज्ञापन के प्राविधानानुसार अर्हकारी द्वितीय प्रश्नपत्र सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक धारित अभ्यर्थियों के प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन के प्राप्तांक से निर्मित संशोधित प्रवीणता सूची तथा अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में उल्लिखित आवेदित पद के दावे के आधार पर **सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2025** का संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 06 जनवरी 2026 को घोषित कर दिया गया है। संशोधित प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम, संशोधित कट ऑफ मार्क्स, सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र की संशोधित उत्तर–कुंजी एवं परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के संशोधित प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिये गये हैं। **मुख्य (लिखित) परीक्षा का आयोजन माह अप्रैल, 2026 में किया जाना प्रस्तावित है।**

-Sd-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव